परिवार नियोजन कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में असफल रहने के कारण स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाना

6140. **श्री रामजीलाल सुमन :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के नियंत्रण में ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिनकी सेवाएं परिवार नियोजन कार्यक्रम समूचे देश मे क्रियान्वित करने में असफल रहने के कारण समाप्त कर दी गई थीं।

(ख) उनमें से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिन्हें अब तक सेवा में वापस ले लिया गया है ; और

(ग) क्या उनका मंत्रालय सेवा से बर्खास्त किए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को उस अवधि के लिए वेतन का भुगतान करेगा जिसमें वे सेवा में नहीं थे ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) सारे देश को परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत लाने में असमर्थ रहने के कारण केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन किसी भी अधिकारी और कर्मचारी की सेवाएं समाप्त नहीं की गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन कर्मचारियों में राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों का स्टाफ शामिल नहीं है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश मलेरिया कर्मचारी संघ की मांगें

6141. **श्री सुभाष आहूजा :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश मलेरिया कर्मचारी संघ ने 17 अप्रैल, 1977 को उन्हें एक मांग पत्र दिया था ;

(ख) यदि हां, तो उसमें उल्लिखित मुख्य मांगो का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इन मांगों की जांच की थी ; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी हां।

(ख) उत्तर प्रदेश मलेरिया कर्मचारी संघ की मुख्य मांगों का एक विवरण संलग्न है।

(ग) और (घ). क्योंकि ये कर्मचारी राज्य सरकार के कर्मचारी हैं, इस लिए इस कर्मचारी संघ के पत्र की एक प्रति राज्य सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दी गई है।

विवरण

उत्तर प्रदेश मलेरिया कर्मचारी संघ ने जो मांगें की हैं वे इस प्रकार हैं :—

(1) उत्तर प्रदेश में सहायक मलेरिया अनुरक्षण अधिकारियों की संख्या 87 है और ये पिछले 24 वर्षों से इस विभाग में कार्य कर रहे हैं। इन्हें मलेरिया एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यों का विस्तृत अनुभव है। ये व्यक्ति तकनीकी प्रशिक्षण